आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :399 पृष्ठ -4 दिनांक 11 फरवरी 2025 दिन मंगलवार

# प्रयागराज में खाद्यान्न ,सब्जी मसाले, दवाई, पेट्रोल-डीजल की कमी?

## महाकुंभ के लिए लगे जाम के बीच संकट

प्रयागराज में महाकुंभ के मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उड़ रही है. देश के कोने-कोने से लोग महाकुंभ में पहुंच रहे हैं. जिसे देखते हुए बीते कई दिनों से शहर में भारी वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है. लेकिन अब इसका असर भी दिखाई देने लगा है. शहर में अब जरुरी सामान की कमी हो रही है. पेट्रोल-डीजल से लेकर खाने-पीने के सामने व अन्य खाद्य पदा. र्थों की सप्लाई नहीं हो पा रही है. ऐसे में आने वाले दिनों में तमाम जरूरी सामान के साथ खाद्य पदार्थों की भी कमी हो सकती है. प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए शहर में भारी वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है. जिसकी वजह से जिले की सीमा पर ही भारी मालवाहक वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई हैं. कई टैंकर रास्ते में जाम में फंस गए हैं. जिसकी वजह से ये वाहन भी शहर तक सामानों को नहीं पहुंचा पा रहे हैं. आलम ये है कि अब शहर में पेट्रोल डीजल की कमी हो रही है. कई पेट्रोल पंप खाली हो गए



हैं तो वहीं लोगों को पेट्रोल पंप से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों के लिए परेशानियां और बढ़ गई हैं. पेट्रोल-डीजल की कमी की वजह से उनके वाहन ठप हो गए हैं जिसके चलते उन्हें आने-जाने में भी खासी दिक. कतों का सामना करना पड़ रहा है. पेट्रोल पप मालिकों का कहना है कि टैंकर रास्ते में जाम में फंसे होने की वजह से यहां तक नहीं पहुंच पा रहे हैं. परेशानी सिर्फ पेट्रोल और डीजल तक ही सीमित नहीं है अब कच्चे माल की कमी भी हो रही है. सपा अध्यक्ष अकिलेश यादव ने भी कुंभ में परेशान हो रहे श्रद्धालुओं को लेकर प्रशासन पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि जाम की वजह से लोगों को न तो खाने-पीने का सामान मिल पा रहा है और न ही अन्य कोई सुविधाएं. लोग एक जगह से दूसरी जगह भटकने को मजबूर हैं. प्रयागराज में चतुर्दिक जाम की वजह से न तो खाने-पीने के लिए खाद्यान्न और सब्जी मसाले उपलब्ध हो पा रहे हैं और न ही दवाई, पेट्रोल-डीजल। इससे प्रयागराज व महाकुंभ परिसर तथा प्रयागराज आने-जानेवाले मार्गों पर फँसे करोड़ों भूखे-प्यासे, थके-हारे श्रद्धालुओं की हालत हर घंटे बद से बदतर

प्रयागराज स्थित नैनी औद्योगिक क्षेत्र में माल वाहक वाहनों के नहीं आ पाने के वजह से उद्योगों में कच्चा माल नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे उद्यमियों में नि. राश देखने को मिल रही है. उन्होंने इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस और तमाम बड़े अधिकारियों से भी गुहार लगाई है कि इस समस्या से किसी तरह निजात दिलाई जाए ताकि उनकी मालवाहक गाड़ियां उद्योगों तक आ सकें और उन्हें कच्चा माल मिल सके महाकुंभ में उमड़ने वाली भीड़ के साथ अब खाद्यान्न संकट भी गहराता जा रहा है. श्रद्धालुओं के आने से जहां होटल, खाने-पीने की दुक. ानों पर सामान की मांग में तेजी आई है तो वहीं इन सामानों का आपूर्ति नहीं हो पाने की वजह से अब जरूरी सामान भी नहीं मिल पा रहा है. मालवाहक वाहनों की नो एंट्री से शहर में खाद्यान्न संकट गहरा सकता है. व्यापारियों का कहना है कि उनके आटा, चावल, चीनी से लदे ट्रक खड़े हैं. जिससे ये सामान भी शहर वासियों को नहीं मिल पा रहे हैं.।

## प्रयागराज महाकुंभ का आज सोमवार (10 फरवरी) को 29वां दिन है. जहां आस्था की डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 43 करोड़ के पार

प्रयागराज महाकुंभ का आज सोमवार (10 फरवरी) को 29वां दिन है. जहां आस्था की डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 43 करोड़ को पार कर चुका है. एक बार फिर रोजाना डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा डेढ़ करोड़ के पार पहुंच गया है. महाकुंभ में परसों यानी 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा का स्नान है, लेकिन उससे पहले हीश्रद्धालुओं का सैलाब रिकॉर्ड तोड़ते दिख रहा है.प्रयागराज महाकुंभ में जिस तरह से लोग उमड़ रहे हैं, उसकी वजह से ट्रैफिक की बड़ी परेशानी खड़ी हो चुकी है. जिसके लिए प्रशासन भी इंतजाम पुख्ता करने में जुटा हुआ है. माघ पूर्णिमा के स्नान के पहले एक ओर आस्था का ज्वार उठा है तो दूसरी ओर सड़कों पर जाम है. प्रयागराज आने वाले रास्तों पर कई किलोमीटर तक गाड़ियों की कतारें हैं और लोग परेशान हैं. कई घंटे तक गाड़ी में बैठने को लोग मजबूर हैं और पार्किंग में क्षमता से अधिक गाड़ियां हैं. इसके साथ ही कई किलो मीटर श्रद्धालु पैदल चल रहे हैं.दिल्ली से प्रयागराज जाने का सामान्य समय 12 घंटे है लेकिन अभी 30 घंटे लग रहे हैं. वहां सतना(एमपी) से 5 घंटे का समय लगता है लेकिन अभी 15 घंटे लग रहे हैं, कानपुर से 5 घंटे लगते हैं लेकिन अभी 12 घंटे लग रहे हैं. वहीं पटना से प्रयागराज के जाने के लिए 8 घंटे का सामान्य समय है लेकिन अभी 17 घंटे लग रहे हैं. इसके अलावा वाराणसी से प्रयागराज जाने का सामान्य समय 3 घंटे है जिसमें अब 10 घंटे लग रहे हैं. वहीं रायपुर से प्रयागराज का सफर करने के लिए सामान्य समय 13 घंटे का है लेकिन इस समय 22 घंटे का समय इस सफर में लग रहा है.

## घी व्यापारी पर 25 लाख का जुर्माना, स्टांप शुल्क चोरी कर खरीदी थी जमीन




बरेली : स्टांप शुल्क चोरी करने के मामले में शहामतगंज के घी व्यापारी अनिल कुमार अग्रवाल के विरुद्ध आरसी जारी गई गई है। पिछले साल घी व्यापारी पर 25 लाख 12 सौ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। पिछले साल डीएम कोर्ट ने कम स्टांप वाद के प्रकरण में सुनवाई की और हृदयपुर उर्फ अंधरपुरा, तहसील फरीदपुर में खरीदी जमीन के प्रकरण में स्टांप शुल्क चोरी का आरोप सही पाया। कोर्ट के आदेश पर एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह ने रामपुर गार्डन निवासी अनिल कुमार अग्रवाल से 25 लाख 12 सौ रुपये की राजस्व की भांति वसूली के लिए आरसी जारी की थी। इस पर अनिल अग्रवाल ने नौ लाख 11 हजार 740 रुपये जमा कर दिए थे लेकिन 15 लाख 89 हजार 460 रुपये अब तक जमा नहीं किए। वहीं 6 फरवरी को तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने अनिल कुमार अग्रवाल के विरुद्ध आरसी जारी कर स्टांप शुल्क की धनराशि जमा 15 दिन में जमा करने को कहा है। आरसी में स्पष्ट लिखा है कि समय पर भुगतान करें या उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न आपके विरुद्ध उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 के अधीन कार्रवाई शुरू की जाए। एडीएम एफआर की ओर से जारी आरसी के अनुसार अनिल कुमार अग्रवाल ने कई हेक्टेयर कृषि भूमि खरीदी थी। शिकायत पर प्रारंभिक जांच में स्टांप शुल्क चोरी की आशंका पर वाद दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

## विश्व हिंदू परिषद ने सालाना बैठक में .किया काशी-मथुरा की मुक्ति का ऐलान,

काशी-मथुरा की पूर्ण मुक्ति वाले विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के बयान पर जमीयत उलेमा ए हिन्द ने आपत्ति जताई है. जमीयत उलेमा ए हिन्द यूपी के कानूनी सलाहकार मौलाना काब रशीदी ने कहा ऐसे लोग देश को धार्मिक उन्माद में धकेल कर देश के अमन शांति वाले माहौल को बिगाड़ना चाहते हैं. मौलाना काब रशीदी ने कहा कि ये न बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को मानते हैं और न देश की अदालत का सम्मान करते हैं. ऐसे लोगों पर सरकार में संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को अंकुश लगाना चाहिये. ऐसे लोगों का सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए. विहिप की बैठक में काशी मथुरा के लिए आंदोलन करने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए मौलाना काब रशीदी ने कहा कि इस देश की सांसद ने प्ले. सिस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 बनाया था. जिसमें यह तय किया था कि साल 1947 में जो धार्मिक जगह जिस धर्म के लोगों के पास थी उन्हीं के पास रहेगी ताकि कोई नया विवाद खड़ा न हो. सिर्फ बाबरी मस्जिद को इस कानून से अलग रखा गया था.उन्होंने कहा कि 12 दि. संबर 2024 को भारत के सर्वोच्चतम न्यायालय ने भी यह कहा था प्लेसिस ऑफ वर्शिप एक्ट को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट स्टे करता है. देश में कोई भी लोवर कोर्ट मंदिर मस्जिद विवाद को लेकर न कोई नया केस दर्ज कर सकता है और न उस पर सर्वे आदि पारित कर सकता है. आंदोलन करने वाले लोग संविधान से ऊपर नहीं-मौलाना काब रशीदी सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के बाद भी अगर कुछ लोग इस तरह की बात कर रहे हैं तो मेरा पूर्ण विश्वास है की ऐसे लोगों की आस्था न तो भारत के संविधान पर है और न देश की संसद पर है और न भारत के सर्वोच्च न्यायालय पर है. काशी, मथुरा, संभल और अजमेर के ऊपर आंदोलन करने वाले लोग डॉ आंबेडकर के संविधान से ऊपर नहीं हैं. देश के सौहार्द को बिगाड़ना चाहते हैं ये लोग- मौलाना काब रशीदी मौलाना ने कह कि डॉ बाबा साहब अंबेडकर के संविधान के दायरे में बनने वाली संस्थाओं ने जब देश को एक मॉडल दिया है और एक वैचारिक लाइन खिंची है तो उस को क्रॉस करने के लिए ये कैसे अधिकृत हो सकते हैं. ये देश के सौहार्द को बिगाड़ना चाहते हैं देश के संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को ऐसे लोगों का संज्ञान लेना चाहिए कि हम भारत को किस दिशा में ले जा रहे हैं. मौलाना काब रशीदी ने कहा कि मंदिर कहां थे ये आप तय करेंगे? आपने कहा था कि बाबरी मस्जिद मंदिर को तोड़ कर बनाई गई थी लेकिन आप सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट देखिए उसमें ये कहीं नहीं लिखा है कि यहां मंदिर था उसे तोड़ कर मस्जिद बनाई गई थी. ऐसा सुप्रीम कोर्ट ने जजमेंट में कहीं नहीं कहा तो अगर हम आपकी बात पर जाएंगे तो देश में न जाने कितनी मस्जिदें होंगी, जिन्हें आप कहोगे की मंदिर तोड़ कर मस्जिद बनाई गई. कोर्ट और न्यायिक प्रक्रिया का घनघोर उल्लंघन- मौलाना काब रशीदीउन्होंने कहा कि लोगों पर सरकार को रोक लगानी चाहिए क्योंकि ये लोग कोर्ट और न्यायिक प्रक्रिया का घनघोर उल्लंघन कर रहे हैं. एक सभ्य समाज में इनका कोई स्थान नहीं होना चाहिए. इन्हें तो भारत के बेरोजगार युवाओं और महंगाई पर बात करनी चाहिए न कि देश को धार्मिक उन्माद में धकेलना चाहिए. वीएचपी की सालाना बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले बता दें कि प्रयागराज में विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति और प्रन्यासी मंडल की तीन दिनों की सालाना बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं. इनमें सबसे महत्वपूर्ण फैसला अयोध्या के बाद अब काशी और मथुरा की पूर्ण मुक्ति को लेकर है. उसे फिलहाल काशी और मथुरा पर ही पूरी तरह फोकस करना है. संभल और अजमेर समेत बाकी विवादों पर वह बाद में विचार करेगा. हिंदुओं के मठ मंदिरों को लेकर भी हुआ अहम फै. सलावहीं इस बैठक में यह भी तय किया गया है कि सभी मस्जिदों के नीचे मंदिर नहीं खोजे जाने हैं, लेकिन जहां पहले मंदिर रहे हैं वहां को लेकर कोशिश जरूर की जाएगी. दूसरा अहम फैसला हिंदुओं के मठ मंदिरों को पूरी तरह से सरकारी नियंत्रण से मुक्त किए जाने की मांग से जुड़ा हुआ है. परिषद ने इसे लेकर अगले तीन महीने के कार्यक्रमों का भी ऐलान किया है.

## महाकुंभ में फिर लगी आग, रेस्टोरेंट में . रखा लाखों का सामान जलकर राख



प्रयागराज महाकुंभ में एक बार फिर आग लगी है. महाकुंभ क्षेत्र के सेक्टर 23 के अरैल इलाके में यह आग लगी है. एक निजी रेस्टोरेंट में आग लगने की जानक. ारी सामने आई है और इस हादसे में लाखों का सामान जलकर राख हो गया है. हालांकि इस आग में कोई जनहानि नहीं हुई है. आग लगने के बाद रेस्टोरेंट में मौजूद सभी ग्राहक और कर्मचारी सुरक्षित बचाए गए. वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई और कुछ ही देर में आग पर काबू पाया गया. जानकारी के अनुसार सेक्टर 23 के पीछे के रोड पार आग लगी थी. आज शुक्रवार (9 फरवरी) को शाम 7:38 को मुखर्जी सेतु द्वारा थाने के सिपाही को भेजकर सूचना दी गई कि सेक्टर 23 के पीछे के रोड पार आग लगी है. मौके पर जाकर देखा तो अरैल मेन रोड के पीछे कि तरफ जो कि मेला क्षेत्र है. वहां पर महाराज भोग प्रसादम मे स्थित बाबा टी स्टाल में आग लगी थी. जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए यूनिट द्वारा आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया. इससे पहले महाकुंभ में सेक्टर 19 के वट माधव मार्ग कल्पवासी टेंट में आग लगी थी. सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने इस आग पर भी काबू पा लिया था. इस आग से ओम प्रकाश पांडेय सेवा संस्थान और राजेंद्र जायसवाल का टेंट जलकर राख हो गया था. सीएफओ महाकुंभ प्रमोद शर्मा ने बताया कि एलपीजी गैस सिलेंडर में लीकेज के चलते यह आग लगी थी, हालांकि इस अग्निकांड की घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई. वहीं शनिवार (8 फरवरी) को शाम करीब 4रू30 बजे फायर स्टेशन के सामने चक्रपाणि महाराज के टेंट में भी आग लगने की घटना सामने आई थी. इसअग्निकांड में खाने-पीने समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया था. मेले में चाय की दुकान चला रहे पंकज मिश्रा उस टेंट में रह रहे थे. इस अग्निकांड में भी किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई.

## राजभवन की प्रदर्शनी में सजा संभल का आलू, जमकर हुई तारीफ

बहजोई : राजभवन लखनऊ में उद्यान व खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशालय के तत्वाधान में आयोजित प्रदर्शनी में संभल जनपद के आलू ने खास पहचान बनाई। इस प्रदर्शनी में प्रजाति आधारित उच्च गुणवत्ता वाले आलू के स्टॉल लगाए गए थे। जिसमे संभल के सुजातपुर गांव के आलू उत्पादक किसान के आलू की तारीफ हुई।सुजातपुर के किसान दीपक शर्मा ने प्रदर्शनी में अपने कुफरी चिप्सोना आलू का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में कुफरी चिप्सोना के साथ-साथ कुफरी बहार, कुफरी पुखराज और कुफरी ख्याति जैसी प्रजातियों को भी शामिल किया गया। जिससे विभिन्न किस्मों की बेहतर गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता को प्रदर्शित किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत निदेशालय के कई अधिकारियों ने स्टॉल का अवलोकन किया। जनपद संभल में चिप्सोना आलू का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। जहां हर साल करीब 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में आलू की खेती की जाती है। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने बताया कि संभल के आलू का राज्यपाल भवन की प्रदर्शनी में शामिल होना जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि जिले का चिप्सोना आलू न केवल बड़े पैमाने पर उत्पादित होता है बल्कि यह स्वादिष्ट भी है, जिसकी मांग विभिन्न क्षेत्रों और मंदिरों में लगातार बनी रहती है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण में संवाद किया। नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम में पीएम ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव को कम करने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की।कार्यक्रम में पीएम मोदी ने छात्रों को तनाव से मुक्ति के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने खेल और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य, संतुलित पोषण, और प्रौद्योगिकी के सही उपयोग पर भी चर्चा की।पीएम ने छात्रों को रचनात्मकता और सक. ारात्मक सोच विकसित करने की सलाह दी। एकाग्रता बढ़ाने और मानसिक शांति



बनाए रखने के लिए योग और ध्यान के महत्व को भी रेखांकित किया।सुबह 11 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनता इंटर कॉलेज कैलठ्ठा में किया गया, जहां छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह से इसे देखा और पीएम के संदेश को सुना।इस वर्ष के कार्यक्रम में विशेष रूप से परीक्षा से जुड़े तनाव को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो छात्रों के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

# जैन संत आचार्य विद्यासागर का प्रथम समाधि दिवस श्रद्धा और सेवा भाव से मनाया गया

अलीगढ़ ।जैन समाज के सबसे उच्च संत संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर की महामुनिराज के प्रथम समाधि दिवस पूरे देश में विभिन्न धार्मिक,सामाजिक कार्यों के साथ मनाया गया जबकि इसी श्रृंखला में अलीगढ़ में भी जैन मिलन वर्द्धमान,अलीगढ़ नगर के तत्वावधान में सासनी गेट स्थित गौ शाला में गौ सेवा कार्य एवं आगरा रोड पर खीर वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।समिति के अध्यक्ष मोहित जैन एवं मंत्री मयंक जैन ने बताया कि आचार्य श्री गौ सेवा कार्य के लिए हमेशा प्रेरित करते रहे ।समिति के संरक्षक राजीव जैन,मुकेश जैन,राजेंद्र मेटल वर्क्स ने बताया कि आचार्य श्री अत्यंत प्रभावशाली दिगंबर जैन साधु थे, जिन्हें शिक्षा और धार्मिक पुनरुत्थान में उनके योगदान के लिए जाना जाता है। उन्होंने नियमों का पालन करते हुए बहुत ही कठोर तपस्वी जीवन व्यतीत किया। हमेशा नंगे पैर पूरे देश की पद यात्रा की। जैन समाज गृहमंत्री अमित शाह का भी आभार व्यक्त करती है जिन्होंने अपने कर कमलों से जैन संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति में आचार्य विद्यासागर महाराज की तस्वीर वाला 100 रूपये का सिक्का जारी किया साथ ही 108 पदचिन्हों का विमोचन और 5 रुपए का डाक टिकट जारी किया ।इस मौके पर पूर्व एमएलसी जगवीर किशोर जैन,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश कुमार जैन प्रशांत जैन,नितिन जैन,कुणाल जैन, नवनीत जैन,पवन जैन,दीपेंद्र जैन,सागर जैन,सीनेश जैन,निशांत जैन,राजा जैन, अतुल कुमार जैन और नीरज जैन मुख्य रूप से उप. स्थित रहे।

## अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में बीफ पार्टी के आयोजकों को जेल भेजा जाए–ठा.ज्ञानेंद्र सिंह चौहान

अलीगढ़ ।अखिल भारतीय करणी सेना के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष ठा. ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में बीफ पार्टी के आयोजकों की गिरफ्तारी की मांग की ।आपको बता दें कि गत शनिवार को सोशल मीडिया पर एक नोटिस वायरल हुआ था जिसके तहत विश्वविद्यालय में बीफ पार्टी का नोटिस था और इसके वायरल होने पर अखिल भारतीय करणी सेना के पदाधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए और बीफ पार्टी के आयोजकों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन अभय कुमार पांडे को सौंपा और ज्ञापन सौंप कर बीफ पार्टी के आयोजकों के विरुद्ध गिरफ्तारी की मांग की तथा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि बीफ पार्टी के आरोपी प्रोफेसर को बर्खास्त किया जाए व आरोपी छात्रों के विरुद्ध निष्कासन की कार्रवाई की जाए ।इस दौरान ज्ञापन देने वाले करणी सैनिकों में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष चौहान,प्रदेश उपाध्यक्ष विकास दीक्षित,प्रदेश उपाध्यक्ष युवा शक्ति वीरू भदोरिया,जिला अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ,जिला संगठन मंत्री राजेंद्र मोहन शर्मा,महानगर अध्यक्ष भास्कर अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष युवा शक्ति आलेख सैनी, जगमोहन मालवीय,निगम पार्षद राकेश ठाकुर,ज्ञानेश गुप्ता,संजीव सक्सेना, विशाल चंद्रा,अंकित बंसल,शरद ठाकुर, नीरज सिसोदिया,बॉबी राघव,राहुल तोमर, बॉबी चौहान,चंद्रा लोधी,प्रशांत कुमार,मनु ठाकुर,अशोक कुमार,सुरेंद्र राजोरिया, आदित्य कुमार,जतिन शर्मा,यश मिश्रा, अमित कुशवाहा,सौरभ कुमार,भुवनेश रा. जोरिया,सनी राजोरिया,संदीप दास और सुनील कुमार आदि करणी सैनिक उप. स्थित रहे।

## अलीगढ़ जनपद में क्षत्रिय महासभा . की समस्त कार्यकारिणी भंग

अलीगढ़ ।अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अलीगढ़ की एक अति आवश्यक बैठक कैंप कार्यालय अलीगढ़ पर की गई,जिसकी अध्यक्षता प्रमोद चौहान ने की और सञ्चालन प्रमेंद्र राणा ने किया ब्रज क्षेत्र के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश चौहान ने संगठन की कार्य प्रणाली पर चर्चा करते हुए बताया कि संगठन को गति देने के लिये समस्त अलीगढ़ जनपद से मण्डल,जिला,महानगर कार्यकारिणी भंग की जाती है ।राष्ट्र एवं प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराकर शीघ्र ही नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। बैठक में नेम सिंह सोलंकी, विमल सिंह,संजय चौहान,पारस चौहान,राहुल जादौन,पुष्पेन्द्र पुंढीर,सौरभ तोमर,पार्षद राकेश ठाकुर,नरेंद्र सिंह, गिरीश सिंह,दीपांशु पुंढीर,युद्धवीर चौहान, पूजा सेंगर,दुर्गेश सोलंकी,ममता सिंह, अर्जुन सिंह तोमर,गोपाल चौहान और प्रज्वल सोलंकी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ में चल रही फिजिकल परीक्षा, आगरा के युवक का टूटा पैरय अस्पताल में भर्ती

अलीगढ़ की 45वीं पीएसी वाहिनी में फिजिकल परीक्षा चल रही है। इसी दौरान आगरा के युवक का पैर टूट गया, जिसे दीनदयाल अस्पताल लाया गया। यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की फिजिकल परीक्षा शुरू हो गई है। अलीगढ़ की 45वीं पीएसी वाहिनी में फिजिकल परीक्षा चल रही है। प्रदेश के तमाम शहरों से फिजिकल परीक्षा के लिए परीक्षार्थी अलीगढ़ में मौजूद हैं। महिला सिपाही भर्ती की फिजिकल परीक्षा तीन शिफ्ट में चल रही है। बताया जा रहा है कि यूपी के करीब 12 जिलों में आज फिजिकल परीक्षा चल रही है। इसी दौरान आगरा के युवक का पैर टूट गया, जिसे दीनदयाल अस्पताल लाया गया।


## नौकरी दिलाने के नाम पर 5 लाख की ठगी, ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज

बन्नादेवी निवासी सहायक विकास अधिकारी से बुलंदशहर के एक ठेकेदार ने बेटे की नौकरी लगवाने के नाम पर 5 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। राजवीर सिंह, जो बुलंदशहर में सहायक विकास अधिकारी के पद पर थे, की पहचान ठेकेदार धर्मवीर सिंह से हुई थी। धर्मवीर ने खुद को पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों से जुड़ा बताते हुए उनके बेटे की टीजी–2 पद पर नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया और 5 लाख रुपये मांगे। राजवीर ने जुलाई 2022 में यह रकम ट्रांसफर कर दी, लेकिन नौकरी नहीं मिली। जब उन्होंने पैसे वापस मांगे, तो धर्मवीर ने एक चेक दिया, जो बाउंस हो गया। पुलिस ने ठे. केदार धर्मवीर और उसके बेटे रोहित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अलीगढ़–बरौली सड़क का निर्माण जल्द शुरू, लाखों लोगों को मिलेगा लाभ

अलीगढ़ से बरौली को जोड़ने वाली 15 किमी लंबी सड़क का निर्माण तीन करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। यह सड़क नेशनल हाईवे और दो जिलों को जोड़ती है, जिससे करीब एक लाख की आबादी को फायदा होगा। निर्माण कार्य के लिए सरकार ने 45 लाख रुपये की पहली किस्त जारी कर दी है, और मार्च से काम शुरू होने की उम्मीद है। वर्षों से खराब हालत में पड़ी यह सड़क अमरौली और कोटा बहादुरपुर से होकर गुजरती है। खासतौर पर कोटा बहादुरपुर और बरौली के बीच सड़क की स्थिति बेहद खराब है, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की थी, जिसके बाद अब इसका निर्माण होने जा रहा है।

## परीक्षा देकर उठी LLB छात्रा ने प्रॉक्टर को जड़े थप्पड़ पे थप्पड़, कॉलेज में हड़कंप




अलीगढ़ के धर्म समाज महाविद्यालय में एक छात्रा ने परीक्षा के दौरान कथित दुर्व्यवहार के चलते प्रॉक्टर डॉ. रेनू सिंघल को थप्पड़ जड़ दिया। छात्रा का आरोप है कि शनिवार को हुई परीक्षा में नकल करने के शक में प्रॉक्टर ने उसकी ओएमआर शीट फाड़ दी थी। इस घटना के बाद कॉलेज में हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचित किया गया। दोनों पक्षों के बीच समझौते हो रहा है। धर्म समाज महाविद्यालय में सोमवार को परीक्षा देने आई एलएलबी छात्रा ने के डॉ. रेनू सिंघल को तमाचे जड़ दिए। शिक्षकों व छात्रों ने छात्रा को अलग किया। छात्र विवेकानंद कॉलेज की थी, जिसे शिक्षकों ने छात्रा को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी ।धर्म समाज महाविद्यालय में द्वितीय पाली में सुबह 11रू30 बजे से एलएलबी की परीक्षा चल रही थी। 1.30 बजे परीक्षा खत्म हुई। इसी दौरान परीक्षा हॉल से बाहर आई पंचम सेमेस्टर की छात्रा ने परिसर में भ्रमण कर रही प्रॉक्टर डॉ. रेनू सिंघल को देखा। छात्रा तुरंत उनके पास पहुंची और बुरा भला कहते हुए कई चाटे मारे। विवाहित छात्रा अनुसार, शनिवार की परीक्षा के दौरान नकल करने के शक में प्रॉक्टर ने उसे चांटा मारा था। वह केवल रफ पेपर पर कुछ लिख रही थी। चीफ प्रॉक्टर ने उसकी ओएमआर शीट फाड़ दी ।यही नहीं, विवेकानंद कॉलेज प्रबंधन और उसके ससुरालीजनों को भी मोबाइल फोन पर शिकायत कर दी थी। इसी से क्षुब्ध होकर छात्रा ने गुस्से में यह कदम उठाया। सूचना पर ससुरालीजन भी कॉलेज पहुंच गए हैं। दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास हो रहे हैं। पुलिस मौके पर है।

## परीक्षा पे चर्चा देखकर छात्र . छात्राएं हुए उत्साहित

अलीगढ़ ।विद्या भारती से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेन्डरी स्कूल,खैर मार्ग में परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण दिखाया गया ।इस दौरान परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारा समाज जीवन में इतना घुस गया हैं कि अगर हमारे हाइस्कूल और इंटर में नंबर नहीं आए तो जिंदगी बेकार है ।इसका अर्थ है कि आप पर मानसिक दबाव है और अगर आप मान. सिक दबाव पर ध्यान न देकर अपने लक्ष्य पर ध्यान रखेंगे तो स्वयं को निखार सकते हैं। इतना ही नहीं हर समय आपको अपने को चुनौती देते रहना चाहिए। उन्होने कहा कि जहाँ लगे किसी की सहायता चाहिए वहाँ आप पहुंचें ।धीरे–धीरे आपके नेतृत्व की क्षमता बढ़ेगी ।विश्वास नेतृत्व की बहुत बड़ी ताकत है और रोबोट की तरह नहीं जीना है क्योंकि आपको खुले आसमान में रहना है और हर बच्चे ने एक विशेष ताकत है। शिक्षक का काम है उस ताकत को समझना और आगे बढ़ाना और जीवन में समय प्रबंधक अत्यंत आवश्यक है ।सबसे अमूल्य है वर्तमान ।अगर आपने वर्तमान जी लिया तो जिंदगी बन जाती है ।अभिभावकों की आपसे अपेक्षा रहती है कि आप बेहतर हों ।अभिभावकों के लिए आवश्यक है कि वे अपने बच्चों की प्रतिभा पहचानें ।जो स्वयं से स्पर्धा करता है उसका विश्वास कभी टूटता नहीं ।आपको तय करना होगा कि जीवन में सफल होना है ये पढ़ाई में ।जीवन समग्रता में देखना चाहिए। कोशिश ये हो कि मार्क्स नहीं बल्कि आपका जीवन बोले ।आप उस युग में बड़े हो रहे हैं जिसमें सबसे ज्यादा टेक्नोलॉजी में बदलाव आ रहे हैं।

हम सभी टेक्नोलॉजी को जानें,समझें और उसका सकारात्मक प्रयोग करें ।सबसे पहले जो प्रश्न आता है उसे हल करें ।आप जितना पुराने प्रश्नपत्रों को हल करने का अभ्यास करें उतना ही परीक्षा में लाभ होगा। प्रकृति के शोषण का कल्चर हमारा नहीं ।हमारा जीवन जीने का तरीका ऐसा हो जो प्रकृति की रक्षा करे ।विद्यालय के प्रधानाचार्य यशवीर सिंह ने कहा कि हम अगर प्रधानमंत्री जी की बात को अपनायेंगे तो निश्चित ही परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी ।इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार,दिनेश पाल सिंह,अतुल कुमार शर्मा,सत्येंद्र कुमार सिंह,सचिन शर्मा,सुरभि केला,नवीन कुमार,पूजा पाराशर,पल्लव शर्मा भी उपस्थित रहे।

## हींग नगरी हाथरस में हुआ अलीगढ़ के . व्यापारी नेताओं का स्वागत




अलीगढ़ ।प्रदेश संगठन द्वारा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला हाथरस की नवीन कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है जबकि इसी क्रम में रविवार को एक एक आम सभा एक गेस्ट हाउस गली डिब्बा वाले में की गई जिसमें अलीगढ़ से भी बड़ी संख्या में व्यापारी भाइयों ने भाग लिया ।इस दौरान यहां पर मुख्य अतिथि के रूप में अलीगढ़ के जिला अध्यक्ष मास्टर ओमप्रकाश गुप्ता,महानगर चेयरमैन मानव महाजन महानगर और अध्यक्ष दीपक वार्ष्णेय मौजूद रहे और इनके द्वारा नई कार्यकारिणी सदस्यों के प्रमाण पत्र वित. रित कराए गए ।वहीं मास्टर ओमप्रकाश वार्ष्णेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में फैला हुआ है और इसका मुख्य उद्देश्य सभी व्यापारी भाइयों को संगठित करना है जिससे वह एकजुट होकर अपनी आवाज उठा सकें ।महानगर चेयरमैन मानव महाजन ने कहा कि भा. जपा की सरकार के अंतर्गत कोई भी अधिकारी किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं कर सकता ।मानव महाजन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्वयं कहा है कि उनकी सरकार व्यापारियों के हित में कार्य करने के लिए पूरा प्रयास कर रही है ।महानगर अध्यक्ष दीपक वार्ष्णेय ने कहा कि हाथरस की टीम के द्वारा जो सम्मान दिया गया है उससे अलीगढ़ की टीम पूर्ण रूप से अभिभूत है और वह हा. थरस की टीम का बहुत–बहुत धन्यवाद व्यक्त करते हैं। इस दौरान अलीगढ़ से मौजूद व्यापारियों में प्रदेश मंत्री विजय गुप्ता,जिला महामंत्री हरी बाबू गुप्ता,महानगर अध्यक्ष दीपक वार्ष्णेय,महानगर महामंत्री हाजी सुलेमान, महानगर महामंत्री विवेक गुप्ता,भानु प्रकाश गुप्ता,कोऑर्डिनेटर आमिर मलिक, जिला युवा अध्यक्ष विष्णु गुप्ता,हिमांशु रॉकस्टार यासीन मलिक रवि गद्दा आदि मौजूद रहे।

# सुनार की आंखों में मिर्च झोंकर लूटी थी सोने की 7 चेन हाथरस पुलिस संग एनकाउंटर में लगी टांग में गोली

हाथरस में पुलिस ने एक शातिर लुटेरे को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। शातिर लुटेरे ने अलीगढ़ जिले में एक सुनार की दुकान में चेन लूट की घटना को अंजाम दिया था। लुटेरे ने सुनार की आंखों में मिर्ची झोंक कर लाखों की कीमत की सात सोने की चेन लूटी थीं। पुलिस की गोली से घायल हुए बदमाश की पहचान अंकित निवासी मोहल्ला बा. रहसैनी कस्बा सासनी के रूप में हुई है।सासनी कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि शातिर बदमाश जनपद हाथरस में लूट की घटना को अंजाम देने के लिए फिराक में घूम रहा है। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने शातिर लुटेरे को घेर लिया। लुटेरे ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में शातिर लुटेरे अंकित के पैर में गोली लग गई। पुलिस की गोली से घायल हुए लुटेरे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।वहीं इस मुठभेड़ को लेकर पुलिस




अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने 8 फरवरी को अलीगढ़ जिले के थाना बन्ना देवी थाना क्षेत्र में एक सुनार की आंखों में मिर्ची डालकर दुकान से सोने की चेन लूटी थी। लूटी गई चेन को उसने थाना सासनी क्षेत्र के एक सुनार को बेच दिया था। गिरफ्तारी के समय वह फिर से लूट की योजना बना रहा था। पुलिस को शातिर लुटेरे के पास से मुठभेड़ स्थल से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। जांच पड़ताल में सामने आया है कि अंकित एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ अलीगढ़, मथुरा और हाथरस में एक दर्जन से अधिक अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें नकबजनी, लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। आरोपी पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस घायल बदमाश से पूछताछ कर रही है।

## हाथरस में दो हत्याकांड के पीड़ित परिवारों से मिले . कांग्रेसी आरोपियों की जल्दी गिरफ्तारी की मांग

### हाईकमान तक मामला पहुंचाने का आश्वासन

हाथरस में हाल ही में हुए दो जघन्य हत्याकांडों के मामले में कांग्रेस ने पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है। हसायन क्षेत्र के गांव कानऊ में एक बुजुर्ग महिला की नृशंस हत्या कर शव को नग्न अवस्था में छोड़ दिया गया था। वहीं गांव शीतलवाड़ा में 65 वर्षीय एक दुग्ध व्यवसायी की भी हत्या कर दी गई थी।कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल दोनों पीड़ित परिवारों से मिला और उनका दुख साझा किया। विक्रमादित्य ने आश्वासन दिया कि वे इस मामले को कांग्रेस हाईकमान तक पहुंचाएंगे और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए पीड़ित परिवारों के साथ मिलकर संघर्ष करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में ब्लॉक अध्यक्ष संजय प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष शाहिद अली, न्याय पंचायत अध्यक्ष इंद्रेश कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी कपिल नरूला और पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष विष्णु कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि जब तक पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलेगा, पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।

## दूसरी जाति के लड़के से की थी कोर्ट . मैरिज, हाथरस में लड़की के भाई ने मारी गोली, युवक की हालत गंभीर

हाथरस जिले में एक अंतर्जातीय प्रेमी युगल ने प्रेम विवाह कर लिया। युवती ने परिवार के खिलाफ जाकर अपने प्रेमी से कोर्ट मैरिज कर ली। परिवार इसके लिए भी तैयार नहीं था। कोर्ट मैरिज के 20 दिन बीत जाने के बाद रविवार देर शाम इस प्रेम विवाह ने हिंसक मोड़ ले लिया। प्रेमी युवक को उसकी पत्नी के भाई और उसके अन्य साथियों ने गोली मार दी। घटना रात लगभग 8 बजे की है, जब प्रेमी युवक अभय वार्ष्णेय अपने पिता विनोद वार्ष्णेय के साथ बाइक से घर लौट रहा था।आपको बता दें कि कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के इगलास रोड स्थित माहेश्वरी कॉलोनी में रविवार देर शाम करीब 8 बजे एक युवक अभय वार्ष्णेय पुत्र विनोद वार्ष्णेय को गोली मार दी गई। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उपचार को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने युवक की हालत को गंभीर देखते हुए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की छानबीन शुरू कर दी।घटना के पीछे का कारण अंतर्जातीय प्रेम विवाह है। अभय ने करीब 20 दिन पहले अपनी प्रेमिका से कोर्ट मैरिज कर ली थी, जिसका लड़की के परिवार वालों ने विरोध किया था। लड़की के भाई और उसके साथियों ने अभय पर तीन गोलियां चलाई, जिसमें एक गोली अभय के कंधे में लग गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।गंभीर रूप से घायल अभय को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अभय एक नमकीन बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद की अगुवाई में निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा हाथरस पहुंची

उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद की अगुवाई में निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा हाथरस पहुंची, जहां इसका जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य मछुआ समाज को अनुसूचित जाति का आरक्षण दिलाना है। डॉ. निषाद ने बताया कि यह यात्रा प्रदेश के 200 निषाद बाहुल्य विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए दिल्ली में समाप्त होगी।इस दौरान मंत्री ने भाजपा के अंदर मौजूद कुछ शबिभीषणोंश पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इन्हीं लोगों की वजह से भाजपा को लोकसभा चुनाव में 43 सीटों की हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों ने पहले कांग्रेस, फिर बसपा और सपा का नुकसान किया, और अब भा. जपा में गलत संदेश फैला रहे हैं।दिल्ली चुनाव पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने सही फैसला किया है। उन्होंने केजरीवाल पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि वे भ्रष्टाचार से लड़ने की बात कर सत्ता में आए, लेकिन खुद इसमें लिप्त हो गए। मिल्कीपुर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां भी उपचुनाव में जनता ने सही निर्णय लिया है। यह यात्रा हाथरस में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से शुरू होकर जिले के विभिन्न स्थानों से होकर निकली।

## हाथरस जिले में छात्रों और उनके अभिभावकों के सामने अपार आईडी बनवाने की गंभीर समस्या

हाथरस जिले में छात्रों और उनके अभिभावकों के सामने अपार आईडी बनवाने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। यह आईडी हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के लिए अनिवार्य है, लेकिन इसे बनवाने में कई तकनीकी और प्रक्रियागत बाधाएं आ रही हैं।जिले के आंकड़ों के अनुसार, जिला परिषदीय विद्यालयों में लगभग 18 प्रतिशत छात्रों का अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है। वहीं माध्यमिक शिक्षा परिषद और मान्यता प्राप्त अन्य विद्यालयों में केवल 50 प्रतिशत छात्र ही अपार आईडी के लिए रजिस्टर कर पाए हैं।समस्या की जड़ में कई कारण हैं। सरकारी वेबसाइट अत्यधिक लोड के कारण बार-बार बंद हो जाती है। आधार कार्ड में फिंगरप्रिंट की समस्या, आधार कार्ड और स्कूल प्रमाण पत्र में नामों की भिन्नता, और स्पेलिंग में गलतियां प्रमुख बाधाएं हैं।यह समस्या राशन कार्ड धारकों के लिए भी परेशानी का सबब बनी हुई है। अधिकांश मामलों में, यह समस्या इसलिए उत्पन्न हुई क्योंकि आधार कार्ड बनवाते समय घर में प्रयोग किए जाने वाले नाम दर्ज कराए गए, जबकि स्कूल में प्रवेश के समय अलग नाम लिखवाया गया। वर्तमान में, सरकारी वेबसाइटों पर भारी भीड़ है और लोगों को अपनी बारी का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। यह स्थिति विशेषकर उन छात्रों के लिए चिंताजनक है, जिन्हें आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बैठना है।

## हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव शीतलवाडा . में हुई दूध व्यवसायी की हत्या के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी विशाल को गिरफ्तार किया

हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव शीतलवाडा में हुई दूध व्यवसायी की हत्या के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी विशाल को गिरफ्तार किया है। विशाल नगला डांडा थाना हसायन का रहने वाला है। इससे पहले पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।घटना 3 फरवरी की है, जब गांव शीतलवाडा निवासी दूध व्यवसायी राजेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने घटना के दिन ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।इस बीच, समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा। सपा नेताओं ने परिवार को सां. त्वना दी और पुलिस से शेष आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं किए गए तो तीव्र आंदोलन किया जाएगा।मामला राजनी. तिक रंग भी ले चुका है। इससे पहले बसपा के प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंच चुके हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

## सासनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित नसबंदी शिविर में महत्वपूर्ण सफलता मिली

सासनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित नसबंदी शिविर में महत्वपूर्ण सफलता मिली। शिविर में कुल 22 महिलाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 15 महिलाओं की सफलतापूर्वक नसबंदी की गई।डॉ. दलवीर सिंह, सीएचसी अधीक्षक के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में डॉ. रामबिहारी, डॉ. प्रदीप भारती, डॉ. शुभम और डॉ. रूचि कमल की टीम ने नसबंदी ऑपरेशन किए। कार्यक्रम में शशि रानी, उमा सेंगर, हर्षिनी शर्मा, गौरव वर्मा, अभिलाषा, प्रीति और प्रवेश सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी सक्रिय रूप से शामिल रहे। इसी दिन आयोजित एचआरपी डे (हाई रिस्क प्रेगनेंसी डे) में 50 गर्भवती महिलाओं ने नया पंजीकरण कराया और अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। महिलाओं की एचआईवी, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। लैब टेक्नीशियन देव ज्योति, कैलाश चंद और अन्य मेडिकल स्टाफ ने इस स्वास्थ्य जांच में सहयोग प्रदान किया। यह कार्यक्रम सरकार की परिवार नियोजन और मातृ स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की नीतियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाना है।

## हाथरस पुलिस ने तहसील सिकंद्राराऊ में एक कार्रवाई करते हुए खतौनियों में फर्जी प्रविष्टियां करने के आरोपी को गिरफ्तार किया

हाथरस पुलिस ने तहसील सिकंद्राराऊ में एक कार्रवाई करते हुए खतौनियों में फर्जी प्रविष्टियां करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दलवीर सिंह, जो तहसील में तकनीकी मैनपावर के पद पर कार्यरत था, को नई कालोनी दमदपुरा में ट्रांसफार्मर के पास से पकड़ा गया। मामला 4 नवंबर का है, जब राजस्व निरीक्षक रामवीर सिंह ने थाना सिकंद्राराऊ में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि दलवीर सिंह, जो मोहल्ला दमदपुरा का निवासी है, ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए विभिन्न खतौनियों में फर्जी प्रविष्टियां की हैं।पुलिस ने तत्काल मामले की गंभीरता को समझते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी की तलाश में जुट गई। अब आरोपी की गिरफ्तारी के साथ मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह मामला राजस्व विभाग में होने वाले फर्जीवाड़े की गंभीरता को दर्शाता है।

## हाथरस की एमपी-एमएलए कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर परिवाद की अगली सुनवाई 1 मार्च को

हाथरस की एमपी-एमएलए कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर परिवाद की अगली सुनवाई 1 मार्च को होगी। मामला बूलगढ़ी गांव से जुड़ा है, जहां राहुल गांधी ने 12 दिसंबर 2023 को पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने लिखा था कि रेप पीड़िता के परिवार को घर में बंद रखना और आरोपियों का खुले में घूमना संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है।इस मामले में पहले से बरी हो चुके तीन आरोपियों - रवि, राम कुमार उर्फ रामू और लवकुश के वकील ने राहुल गांधी को 1.5 करोड़ रुपये का कानूनी नोटिस भेजा था। नोटिस में तीनों आरोपियों के लिए 50-50 लाख रुपये की मांग की गई थी। वकील का तर्क था कि कोर्ट से दोषमुक्त होने के बाद तीनों युवक सामान्य जीवन जी रहे थे, लेकिन राहुल की पोस्ट ने उनका जीवन फिर से अस्त-व्यस्त कर दिया।न्यायिक अधिकारी अवकाश पर थे जब राहुल गांधी ने नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया, तो राम कुमार उर्फ रामू की ओर से एमपी-एमएलए कोर्ट में परिवाद दायर किया गया। परिवाद में राहुल के कृत्य को भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 356(2) के तहत दंडनीय अपराध बताया गया है। याचिका में अपमानजनक पोस्ट और न्यायिक निर्णय की अवमानना के लिए उन्हें दंडित करने की मांग की गई है। इस मामले में आज सुनवाई थी और कोर्ट में परिवादी के बयान होने थे लेकिन न्यायिक अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण अब अगली सुनवाई 1 मार्च को होगी।

## 12वीं के छात्रों की फेयरवेल पार्टी में एक छात्र कार या बाइक के बजाय घोड़ी पर सवार होकर कॉलेज पहुंचा



उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के एक कॉलेज में अजीबा. `गरीब मामला देखने को मिला. यहां 12वीं के छात्रों की फेयरवेल पार्टी में एक छात्र कार या बाइक के बजाय घोड़ी पर सवार होकर कॉलेज पहुंचा. घोड़ी पर बैठे इस छात्र को देखकर कॉलेज का स्टाफ तथा टीचर हैरान रह गए हा. थरस शहर स्थित राजेंद्र लोहिया विद्या मंदिर कॉलेज का है, जहां 12वीं के छात्रों की फेयरवेल पार्टी थी. सबकुछ सामान्य तरीके से चल रहा था. इसी बीच एक छात्र घोड़ी पर सवार होकर कॉलेज पहुंच गया. उसे देखकर छात्रों के साथ-साथ टीचर भी चौंक गए बताया जा रहा है कि छात्र घर से कॉलेज तक घोड़ी पर बैठकर आया था. उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इसमें घोड़ी पर बैठा छात्र झूमता नजर आ रहा है जब छात्र घोड़ी पर बैठकर स्कूल परिसर में पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों की नजरें उसी पर टिक गईं. कई छात्रों ने इस नजारे को अपने मोबाइल में कैद कर लिया. यह छात्र अपनी विदाई को यादगार बनाना चाहता था, इसलिए उसने यह अनूठा तरीका अपनाया आमतौर पर बारात में घोड़ी पर दूल्हा सवार होता है, लेकिन इस छात्र ने अपनी फेयरवेल को शादी की बारात जैसा बना दिया. फिलहाल, कॉलेज प्रशासन ने इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई, बल्कि यह दृश्य देखकर सभी मुस्कुराने लगे. ये घटना इलाके में चर्चा का विषय बन गई है

# कासगंज में पुलिस और बाइकों की चोरी एवं लूट करने वाले गिरोह के दो शातिर बदमाशों के बीच सोमवार तड़के जबरदस्त मुठभेड़

कासगंज : यूपी के कासगंज में पुलिस और बाइकों की चोरी एवं लूट करने वाले गिरोह के दो शातिर बदमाशों के बीच सोमवार तड़के जबरदस्त मुठभेड़ हो गई. इसके बाद दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. वहीं एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया. जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया. पकड़े गए बदमाशों के पास से अवैध तमंचा कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल एवं लूट के उपकरण पुलिस ने बरामद किए हैं.क्षेत्राधिकारी कासगंज आंचल चौहान ने पुलिस और एसओजी की टीम को रविवार सोमवार की मध्यरात्रि में सहावर मार्ग ग्राम नगला चींटा के निकट संदिग्ध वाहनों की चे.कंग के दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए. जिनको पुलिस कर्मियों ने रोकना चाहा लेकिन पुलिस कर्मियों के रोकने पर एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति कासगंज की तरफ यू टर्न लेकर फरार हो गए.वहीं दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति भागने लगे पुलिस ने जब उनका पीछा किया, तो वह असंतुलित होकर गिर पड़े. इसी बीच बाइक सवारों ने फायरिंग शुरू कर दी, पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया. पुलिस ने घायल बदमाश को धर दबोचा. इसके बाद पूछताछ में उसने अपना नाम शंकर पुत्र गुड्डू निवासी ममापुर थाना कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद बताया. वही पकड़ा गया दूसरा बदमाश पंकज उर्फ उधम सिंह पुत्र हुकुम सिंह भी इस पते का रहने वाला है.कासगंज एसपी अंकिता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए दोनों बदमाश शातिर किस्म के अंतर्जनपदीय लुटेरे और अपराधी हैं. जो पूर्व में भी जेल जा चुके हैं. जिनके विरुद्ध जनपद फर्रुखाबाद कासगंज में



लूट चोरी एवं आर्म्स एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं. घायल बदमाश को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है.वहीं तीन बदमाश विजय पुत्र रूप सिंह, नन्हे उर्फ कुंदन पुत्र अतर सिंह और दीपू पुत्र बाबू सिंह भाग जाने में सफल रहे. जिनकी तलाश में टीमें लगा दी गई हैं. पकड़े गए बदमाशों के पास से एक तमंचा, तीन कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और एक झोले में लूट की वारदात को अंजाम देने में प्रयोग आने वाले औजार पुलिस ने बरामद किए हैं.

## एटा जिले के पीलुआ थाना क्षेत्र में चौथा मील पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत

एटा जिले के पीलुआ थाना क्षेत्र में चौथा मील पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रैक्टर की सामने से आ रहे कंटेनर (यूपी 81 डीटी 2018) से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उस पर सवार दारिगपुर निवासी विवेक पुत्र वीरेश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पीलुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल एटा स्थित जिला मेडिकल कॉलेज ले गई। हालांकि, अस्पताल पहुंचते–पहुंचते विवेक की मौत हो गई और चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। इस बीच, पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू करवा दिया है। घटना की जांच जारी है।

## एटा के मारहरा थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक मामला सामने आया

एटा के मारहरा थाना क्षेत्र से एक 5 वर्षीय बच्चा पिछले एक वर्ष से लापता है। समसपुर निवासी जोध सिंह ने अपने नाती जयेश की गुमशुदगी को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्याम नारायण सिंह से मुलाकात की और मदद की गुहार लगाई। 2024 जब जयेश घर के बाहर खेलते समय अचानक गायब हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन जब कहीं पता नहीं चला तो मारहरा कोतवाली में पहले गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई। फिर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया। परिवार का आरोप है कि मोहल्ले की एक लड़की बच्चे को कुछ दिलाने के बहाने बुलाकर ले गई थी । पुलिस ने मामले की जांच के लिए कई कदम उठाए हैं। संदिग्धों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया जा रहा है। ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम भी जांच में जुटी है। एसएसपी ने परिवार को आश्वासन दिया है कि जल्द ही बच्चे को ढूंढ लिया जाएगा। बुजुर्ग जोध सिंह का कहना है कि पुलिस जांच में गंभीरता नहीं दिखा रही है।

# एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में . एक चौंकाने वाला मामला सामने आया

एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। रिजोर थाना क्षेत्र के नगला खंगार की एक महिला ने अपने पिता पर ही गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने बताया कि उसके पिता ने उसके ससुराल वालों के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई थी।महिला ने बताया कि उसकी शादी 2024 में हिंदू रीति–रिवाज से हुई थी। ससुराल वालों ने बिना किसी दहेज की मांग के शादी की थी। कुछ दिन पहले उसके पिता एक दर्जन लोगों के साथ ससुराल पहुंचे और पैसों की मांग करने लगे। जब ससुराल वालों ने मना किया, तो पिता और उनके साथी हिंसक हो गए। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता ने ससुर रामवीर, सास भगवान देवी और नंद सीमा के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, उसे जबरदस्ती खींचकर गाड़ी में डाल लिया। ससुराल वालों ने डायल 112 पर सूचना दी। किसी तरह वह वहां से भागने में सफल रही और जैथरा पुलिस की मदद से पिता के चंगुल से छूट सकी।महिला को सोशल मीडिया से पता चला कि उसके पिता ने ससुराल वालों के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई है। इस पर वह एसएसपी के पास पहुंची और पूरी सच्चाई बताई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। गौरतलब है कि बुधवार को महिला के पिता ने ससुराल वालों पर उनकी बेटी का कान काटने का आरोप लगाया था। एसएसपी ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।

# स्वयं सेवकों ने सोमवार को नमैनी गांव के मैदान पर शाखा विस्तार के अंतर्गत एकत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ



कासगंज: स्वयं सेवकों ने सोमवार को नमैनी गांव के मैदान पर शाखा विस्तार के अंतर्गत एकत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। शाखा विस्तार में संघ से जुड़े सैकड़ों स्वयंसेवक एकत्रित हुए। संघ के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में स्वयं सेवकों को संघ का इतिहास बताया। हिंदुओं से संगठित रहने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न योगासन कराए गए। संघ की प्रार्थना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। सह जिलासंघचालक होशियार सिंह ने संघ के इतिहास एवं शाखा विस्तार कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाखा विस्तार के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में 65 शाखाएं लगाकर 1846 स्वयं सेवक संघ से जोड़े गए हैं। खंड कार्यवाहक पुष्पेंद्र कुमार ने संघ का इतिहास बताते हुए कहा कि संघ की स्थापना 1925 में हुई तब से आज तक संघ का विस्तार हो रहा है। संघ अपने कार्यक्रम के माध्यम से व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है। पांच स्वयं सेवकों को लेकर संघ की स्थापना की गई थी। आज पूरे विश्व में संघ की शाखाएं हैं। कार्यक्रम में योगासन, तिष्ठयोग, समता के कार्यक्रम हुए। मुख्य शिक्षक के रूप में जयपाल ने विभिन्न योग क्रियाए कराई। एकत्रीकरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वंय सेवक के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कासगंज: फेरी लगाने वाले युवक ने फंदे से लटक कर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

सोरोंजी : कपड़े की गांव–गांव फेरी लगाकर परिवार का भरण पोषण करने वाले युवक ने खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फंदे से युवक के शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना के पीछे की वजह ग्रहक्लेश बताई जा रही है।बता दें, सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव सागरपुर निवासी 20 अजय पुत्र प्रेमसिंह का शव अपने ही घर के कमरे में फांसी पर लटक रहा था। शव को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा सोरों कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने ग्रामीणों से पूछताछ की और शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि अजय नाम के व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की है। उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना के पीछे प्रथम दृष्टया ग्रहक्लेश का सामने आ रहा है। परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएंगी।

# कासगंज रामनगरिया मेले में पहुंचने लगे बाहरी जनपदों से साधु–संत, प्रशासन से की ये मांग



गंजडुंडवारः पर पड़ी गंदगी और संतों के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने पर गंगा घाट पर पहुंचे संतों ने इस पर अपना विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन कर रहे संतों ने जिला प्रशासन से गंगा घाट पर साफ सफाई कराने और गंगा स्नान के दौरान हादसों से बचाव के लिए बैरिकेडिंग कराने की मांग की है और शौचालयों को बनवाने की मांगकर प्रदर्शन किया। कासगंज जिले की तहसील पटियाली क्षेत्र के कादरगंज गंगा घाट पर राम नगरिया मेले के दौरान काफी बाहरी जनपदों से साधु–संत आते हैं, लेकिन गंगा घाट पर प्रशासन की तरफ से साधु संतों के रुकने, खाने–पीने और शौचालयों की कोई व्यवस्था नही की जाती है। जिसके चलते काफी संत गंगा घाट से वापस लौट जाते हैं। वहीं कादरगंज गंगा घाट संतों के जत्थे के साथ पहुंचे श्री–श्री 108 बजरंग दास महाराज ने कहा कि 12 फरवरी को गंगा घाट पर पूर्णिमा का स्नान होगा। हजारों श्रद्धालु आएंगे, लेकिन जिला प्रशासन ने गंगा घाट पर कोई इंतजाम नहीं किए हैं। गंगा घाट पर जगह–जगह गंदगी पड़ी हुई है। इसके लिए कोई बैरिकेडिंग भी नहीं की गई है। साधु–संतों और श्रद्धालुओं के लिए पीने का पानी, शौचालयों की भी कोई व्यवस्था नही है। गंगा घाट पर पूरी तरह अव्यवस्था है, जिसके कारण साधु–संतों को काफी दिक्कतें होती हैं।

# कासगंज : बेटे का शव देख बेसुध हुई मां महाकुंभ से लौटते वक्त सड़क हादसे में हुई थी अमन की मौत



कासगंज रविवार की सुबह महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की थार गाड़ी कानपुर के फतेहपुर हाईवे पर खड़े ट्रक से टकरा गई थी। थार कार में अमांपुर कस्बे के गुड़मंडी निवासी अमन गुप्ता पुत्र अवशेष गुप्ता व मैनपुरी निवासी चालक विक्रम यादव उर्फ राहुल की मौके पर ही मौत हो गई थी। थार में सवार मृतक अमन के दोस्त काव्य गुप्ता, अनमोल गुप्ता व उनके फूफा का बेटा चिराग गुप्ता घायल हो गए। जब इसकी जानकारी लोगों को हुई तो उनमे शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।रविवार की रात 1 बजे पोस्टमार्टम के बाद अमन गुप्ता का शव अमांपुर गुड़मंडी घर पहुंचा तो परिजनों की सिसकियां चीखों में बदल गई। परिजनों के चीत्कार से मोहल्ला में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में सोमवार को परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया। लोग परिजनों को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। सड़क हादसे में जान गंवाने वाले युवक अमन गुप्ता का परिवार दुखों से उबर नहीं पा रहा है। अर्थी उठी तो परि. जनों की चीत्कार से सभी की आंखें नम हो गईं। जवान बेटे की मौत पर मां साधना गुप्ता सुधबुध खो बैठी हैं। बेटे की मौत की खबर सुनने से वह बार–बार बेहोश हो रही हैं। हालत बिगड़ने पर उन्होंने उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास ले कर गए। जहां उनका उपचार चल रहा है। दो वर्ष पूर्व पति अवशेष गुप्ता की बीमारी के चलते निधन हो गया था। मां साधना की स्थिति उपचार के बाद सामान्य है।चार भाईयों में तीसरे नंबर पर अमन सड़क हादसे में अमन की मौत हो गई। बड़े भाई आकाश ने बताया कि वह चार भाई थे। उनकी गुड़मंडी में डेली नीड्स की दुकान है। घटना के बाद कस्बे में सन्नाटा पसरा हुआ है। बाजार बंद रहा। बेटे की अर्थी देख, बेसुध हुई मां बेटे की अर्थी उठी तो परिजनों की चीत्कार से सभी की आंखें नम हो गईं। मां साधना गुप्ता सुधबुध खो बैठी हैं। बेटे अमन की तस्वीर को सीने से चिपकाए न कुछ बोल रही हैं और न रो रही हैं। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। रो रो कर बुरा हाल है। युवक की मौत पर सोमवार को घंटाघर, बारहद्वारी, गुड़मंडी बाजार बंद रहा।

## कासगंज: माघ की पूर्णिमा तक कादरगंज घाट रामनगरिया मेले से रहेगा गुलजार

कासगंज ककोड़ा मेले के दो माह बाद लगने वाला रामनगरियां मेले में रौनक दिखाई देने लगी है। माघ की पूर्णिमा तक रामनगरिया मेले से कादरगंज गंगा घाट पूरी तरह से गुलजार रहेगा। साधु संत पहुंचने लगे। लोगों के द्वारा तंबू व डेरे भी लगाए जाने लगे हैं। उन पर लगी पताकाएं मेले का आगाज दर्शा रही हैं। मेले में साधु–संत व श्रद्धालु एक माह तक कल्पवास करते हैं।रामनगरिया मेले में रौनक बढ़ने लगी है। श्रद्धालुओं और साधु संतों ने यहां पहुंचना शुरू कर दिया है। कुछ लोगों ने अपने टेंट और झोपड़ी कल्पवास के लिए बना लिए हैं। मेले की समाप्ति तक साधु–संत और श्रद्धालु यहां कल्पवास करते हैं और प्रतिदिन गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित करते हैं। श्रद्धालु सुबह से ही गंगा स्नान शुरू करते हैं और दोपहर तक स्नान कर पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली के लिए मनोकामना करते हैं। युवा गंगा में अठखेलियां करते नजर आ रहे हैं। साधु संतों का सत्संग भी चलता रहता है। घाट पर हर–हर गंगे के स्वर के साथ–साथ मंत्रों एवं भजनकीर्तन से माहौल भक्तिमय रहता है।रामनगरिया मेले में कादरगंज घाट पर कहीं भागवत कथा तो कहीं सत्संग करते साधु नजर आ रहे हैं। धार्मिक आयोजन हो रहे है। भजन कीर्तन करते हुए लोग गंगा स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। भागवत कथा में लोगों के द्वारा कथा का श्रवण किया जा रहा है।स्वामी विशुद्धानंद बाबा, अजय चेतन बाबा, वि. रजानंद महाराज, बाबा रामनिवास ,बाबा पवनी, बाबा सिलौटा दास, बाबा ब्रह्मचारी, बाबा राम सिंह, बाला खेमकरण,बाबा फलाहारी, बाबा योगीराज आदि बाबा अपने अखाड़ों के साथ मेले में डेरा बनाए हुए हैं।श्रद्धालुओं के नौकायन के लिए गंगा में नौकाएं भी हैं। जिनमें श्रद्धालु गंगा स्नान करने के साथ–साथ नौकायन का भी लुत्फ ले रहे हैं।

जननायक सम्राट
हिंदी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संपादक
मोः-8218049162,8273402499